Accredited Grade "B+" by NAAC

# श्रीअरविन्द महिला कॉलेज, पटना

(पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई)

# COLLEGE NEWS BULLETIN

Estd. : 1960

वर्ष – 1 | अंक – 1 | मार्च, 2022, पटना (प्रवेशांक) | मूल्य : निःशुल्क

## Mission

असतो मा सद्गमय
तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्मा अमृतं गमय

To create a vibrant culture of academics and extracurricular activities which together make girls into self-confident, self-reliant, self-sufficient, responsible and capable individuals.

* to change the way people think-to encourage students to break free of constricted modes of thinking, so that they can respond to new opportunities and challenges without limitations.
* To provide a market oriented profesional education to the girl students of India in general, and Patna in particular, with a view to serving the cause of higher deducation.
* To make students flexible, more movable andeasy to deal with. Grooming leading leaders who are not only. Thorough professionals but good human beings with values and 'sanskars.'

## Vision

**"Lead us to the righteous path,
Lead us from darkness to light,
lead us from death to immortality."**

Here we do not mean the immortality of the human body, but the human ideas, institutions, human thought & training, which is imported to the students, should live on for generations to come...

To stimulate both the hearts and minds of students; empower them to contribute to the welfare of the society at large; train them to adopt themselves tot he changing needs of the economy; advocate them for cultural leadership; to ensure peace, harmony and prosperity for all, and thus make Sri Arvind Mahila College - One of the most creative, innovative colleges in Patna and Bihar - an asset that the Patna area urgently needs.

## Objective

**To convert the vision and mission into reality, the college aims-**

* To empower the girls wholly by providing ample space for creativity and innovation.
* To develop strong self-confidence and knowledge to enable students to project themselves as employable.
* to impart not only sound education to the young girls but also mould them to be upright, and committed citizens, strongly sensitive to the varied needs of our developing society.
* To be self-reliant and courageously face the challenges of life.
* To encourage leadership, integrity and a deep sense of social justice arising from a sensitivity to moral values and principles.
* To develop a strong sense of discipline and a dignity of labour among students.
* To develop critical and analytical thinking among students.
* To achieve good performance within limited resources.
* To preserve and enhance the highest standards fo excellence and help students to master the expanding horizons of knowledge and also become the repository of a deep commitment to Indian ethos and culture in a pristine form.
* To help students equip themselves to access the best opportunities of growth and advancement by being prepared linguistically and culturally for them.
* To carefully sensitize the students to environmental concerns.
* The concepts to enlightened citizens fo the world will be background of all our endeavours.



**श्री तारकिशोर प्रसाद**
माननीय उपमुख्यमंत्री, बिहार

**तारकिशोर प्रसाद**
उप मुख्यमंत्री
बिहार

पुराना सचिवालय
पटना – 800015
0612–2217894 (का॰)
0612–2217398 (आ॰)
0612–2217639 (फैक्स)

पत्रांक 204/आ.  दिनांक 11/03/2022

### शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हुई है कि श्रीअरविन्द महिला कॉलेज, पटना के तत्वावधान में मासिक 'न्यूज लेटर' प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है।

श्रीअरविन्द महिला कॉलेज पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई है। सुप्रसिद्ध दार्शनिक श्री अरविंदो घोष के नाम पर 1960 में स्थापित इस महाविद्यालय ने निरंतर महिला शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है एवं कई रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों का संचालन कर महाविद्यालय ने महिला स्वावलंबन और सशक्तिकरण के मार्ग प्रशस्त किए हैं।

मुझे आशा है कि श्रीअरविन्द महिला कॉलेज, पटना द्वारा प्रकाशित किए जा रहे मासिक न्यूज लेटर का प्रवेशांक महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं, शोधार्थियों एवं अन्य सुधी पाठकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

(तारकिशोर प्रसाद)



**श्री विजय कुमार चौधरी**
माननीय शिक्षामंत्री, बिहार सरकार

**विजय कुमार चौधरी**
मंत्री
शिक्षा एवं संसदीय कार्य विभाग
बिहार, पटना

**Vijay Kumar Choudhary**
Minister
Education & Parliamentry Affairs Dept.
Bihar, Patna

पत्रांक ..........  दिनांक 13/03/2022

### संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हो रही है कि श्री अरविन्द महिला कॉलेज के द्वारा एक मासिक पत्रिका 'न्यूज लेटर' का प्रवेशांक प्रकाशित होने जा रहा है।

मैं न्यूज लेटर के सफल प्रकाशन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ।

(विजय कुमार चौधरी)



**प्रो. आर.के. सिंह**
माननीय कुलपति, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय

**PATLIPUTRA UNIVERSITY**
PATNA - 800020

**Prof. R.K. Singh**
Vice-Chancellor

E-mail : patliputrauniversity2018@gmail.com
vc@ppu.ac.in
Website : www.ppup.ac.in

### शुभकामना संदेश

यह जानकर हर्षानुभूति हो रही है कि श्रीअरविन्द महिला कॉलेज, पटना द्वारा मासिक न्यूज लेटर के प्रवेशांक का प्रकाशन किया जा रहा है।

देश की समृद्ध संस्कृति और विरासत, राज्य के सामाजिक उत्थान, स्वस्थ समाज के निर्माण एवं विद्यार्थियों में मानव मूल्यों और आत्म सम्मान की भावना को जागृत करने में श्रीअरविन्द महिला कॉलेज, पटना का योगदान सराहनीय रहा है। इस महाविद्यालय में अध्ययन करने वाली छात्राओं ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं उच्च मानवीय आदर्शों की बदौलत विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर असीम यश कमाया है। आशा है कि श्रीअरविन्द महिला कॉलेज, पटना निष्ठावान एवं उत्कृष्ट शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की नेतृत्व क्षमता एवं कर्तव्यनिष्ठा का उपयोग कर अपने संस्थान के उद्देश्यों को सार्थक करने में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु तत्पर रहेगा। मुझे विश्वास है कि प्रकाश्य मासिक न्यूज लेटर के प्रवेशांक में महत्वपूर्ण एवं आधुनिक सूचनाओं के साथ-साथ बदलते परिदृश्यों से संबंधित लेखों का समावेश होगा, जिसमें छात्राएँ, शोधकर्त्ता, शिक्षक एवं अन्य हितधारक लाभान्वित होंगे, साथ ही साथ महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से भी पूर्णरूपेण अवगत होकर लाभ उठायेंगे।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य, प्राध्यापकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करते हुए प्रकाश्य मासिक न्यूज लेटर के प्रवेशांक के सफल प्रकाशन हेतु अपनी शुभकामनाएँ सम्प्रेषित करता हूँ।

(प्रो. आर.के. सिंह)
कुलपति

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Estd. : 1960

**संरक्षक**
**प्रोफेसर पूनम**
प्राचार्या

**संपादक**
**डॉ. शिवनारायण सिंह**
प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

**संपादक मंडल**
**डॉ. साधना ठाकुर**
प्रोफेसर, राजनीतिविज्ञान विभाग
**डॉ. फरजाना असलम**
प्रोफेसर, उर्दू विभाग
**डॉ. एम.आई.एच.खान**
प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग
**डॉ. रीता सिंह**
एसो. प्रोफेसर, वनस्पतिशास्त्र विभाग
**डॉ. सरिता सिन्हा**
एसो. प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग

**संपादन सहयोग**
**डॉ. विमी सिंह**
एसो. प्रोफेसर, गृहविज्ञान विभाग

**संपर्क**
**श्री अरविन्द महिला कॉलेज**
काजीपुर, रोड नं.-4
पटना - 800 004

## प्राचार्या की कलम




श्रीअरविन्द महिला कॉलेज पटना के हृदय भाग में स्थित है। यह इस शहर में छात्राओं के लिए अत्यंत प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान है, जहाँ इंटर से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई होती है। इस कॉलेज की स्थापना 15 अगस्त, 1960 ई. को हुई थी, जिसकी संस्थापक प्राचार्या श्रीमती कृष्णा जमैयार थीं। तब यह कॉलेज कदमकुआँ के एक निजी भवन में संचालित होता था। बिहार सरकार द्वारा काजीपुर रोड नं.-4 स्थित वर्त्तमान परिसर में इसे 3.315 एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई, जिसके बाद सन्-2000 में वर्तमान परिसर में यह कॉलेज स्थानांतरित हो संचालित होने लगा। वर्तमान में यहां लगभग 10 हजार छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिनके लिए पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अलावे भी अनेक व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

मैं 2021 के उत्तरार्द्ध में इस कॉलेज में आई। योगदान के प्रथम दिन से ही मैं कॉलेज के विकास कार्य में लग गई। इस छोटी अवधि में ही मेरे द्वारा अनेक जीर्णोद्धार कार्य किये गए, जिनमें प्राचार्या कक्ष, प्रयोगशाला, क्लास रूम आदि है। प्रकृति संरक्षण के निमित्त सौरऊर्जा प्लांट के साथ-साथ वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट आदि का भी निर्माण कराया। कॉलेज का राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् (एन.ए.ए.सी.) का प्रथम चरण संपन्न होने जा रहा है, जिसे देखते हुए मैंने कॉलेज परिवार की पहली ही आमसभा में यह संकल्प किया कि अगले चरण में इसे पहले से बेहतर ग्रेड दिलवाने के लिए अपना सर्वोत्तम इस कॉलेज को दूंगी। शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं का मुझे भरपूर सहयोग मिलना आरंभ हो गया। कॉलेज के सर्वांगीण विकास मेरा लक्ष्य है। सभी विभागों में गतिविधियां आरंभ हुई, तो लगा कि उसे मुकम्मल दिशा देने के लिए एक मासिक न्यूज बुलेटिन निकाला जाना चाहिए। मासिक बुलेटिन के द्वारा न केवल शिक्षक, कर्मचारी, छात्र, अभिभावक आदि में सामंजस्य स्थापित होगा, बल्कि पारदर्शी तरीके से परिसर की तमाम गतिविधियों को प्रकाश में आने का एक सशक्त माध्यम भी तैयार होगा। इसी भावना के अनुरूप कॉलेज के मासिक न्यूज बुलेटिन का यह प्रवेशांक प्रकाशित हो रहा है, जो अब नियमित प्रकाशित होता रहेगा। मैं कॉलेज के मीडिया प्रभारी एवं प्रकाशन-संपादन समिति के संयोजक डॉ. शिवनारायण सिंह को बधाई देती हूँ कि उन्होंने निर्धारित समय सीमा के अंदर इस 'न्यूज बुलेटिन' को हम सब के सामने लाने में सफल रहे।

मुझे विश्वास है कि इस मासिक 'न्यूज बुलेटिन' का भरपूर स्वागत होगा तथा इसका अधिक से अधिक लाभ कॉलेज परिवार को मिल पाएगा।

पूनम
12.03.2022
(प्रो. पूनम)
प्राचार्या

## संपादक की कलम

### न्यूज बुलेटिन के मायने

श्रीअरविन्द महिला कॉलेज पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के अंगीभूत महिला कॉलेजों में अग्रणी स्थान रखता है। 2017 में NAAC से इस कॉलेज को B⁺ ग्रेडिंग प्राप्त हुई। 2022 में इसे फिर से दूसरे साइकिल की NAAC से ग्रेडिंग प्राप्त करनी है। सुयोगवश प्रो. (डॉ.) पूनम के रूप में इस कॉलेज को ऊर्जावान प्राचार्य प्राप्त हुई, जिन्होंने योगदान के बाद पहली ही आमसभा में सभी शिक्षकों-कर्मचारियों में नया जोश भरते हुए सभी को दृढ़संकल्पित किया कि हर हाल में कॉलेज को दूसरे चरण में 'A' से ऊपर की ग्रेडिंग प्राप्त करनी है। शिक्षकों में आए जोश का ही सुपरिणाम है कि कॉलेज में नित नए-नए कार्यक्रम होने लगे। छात्राओं को अत्याधुनिक व्यवस्था के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिए जाने के साथ-साथ उसके चतुर्दिक शैक्षिक विकास के निमित्त नए-नए उपायों पर कार्य आरंभ हुए। छात्राओं की शिक्षा शोधोन्मुख करते हुए नवाचार के नए-नए प्रयोग किए जाने लगे।

कॉलेज की एकेडमिक गतिविधियों एवं अतिरिक्त पाठ्य-कार्यक्रमों को सुसंचालित कराने हेतु कॉलेज से भी एक मासिक 'न्यूज बुलेटिन' के प्रकाशन का निर्णय किया गया। यह मासिक 'न्यूज बुलेटिन' कॉलेज परिवार के सभी सदस्यों के बीच समन्वय के साथ-साथ उसकी रचनात्मक सक्रियताओं को दिशा देने का काम तो करेगा ही; साथ ही विश्वविद्यालय, समाज और अन्य शैक्षिक संस्थाओं के साथ भी सेतु-समन्वय के दायित्व का निर्वाह करेगा। इसी तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए इसकी संरचना, विषयवस्तु और नई तकनीक आधारित साज-सज्जा को तद्नुकूलित रूप में संपादित किया जा रहा है।

उच्च शिक्षा में समाजोपयोगी शोध, नवाचार, प्रबंधन कौशल आदि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हमारे कॉलेज में भी इन तत्वों को ध्यान में रखते हुए अनेक कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। महिला कॉलेज होने के कारण महिलाओं के सबलता, आत्मविश्वास, समूह संवाद कौशल आदि को संवर्द्धित करने की नई-नई तकनीक का भी उपयोग किया जा रहा, जिस कारण हाशिए में बैठी छात्राएँ भी अवसर मिलने पर प्रतिस्पर्धा में शामिल हो सफलता अर्जित कर रही हैं। इस दिशा में कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम विशेष रूचि के साथ छात्राओं-शिक्षकों का हौसला आफजाई करती रहती हैं। आने वाले दिनों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं मे लीडरशिप विकसित करना हमारे कॉलेज का लक्ष्य है, जिसे ध्यान में रखकर इस मासिक 'न्यूज बुलेटिन' को प्रारंभ किया गया है।

'न्यूज बुलेटिन' केवल गतिविधियों का लेखा-जोखा ही प्रस्तुत नहीं करता, बल्कि अपने संस्थान की दशा एवं दिशा का संकेत बोधक भी होता है। संस्थान के 'न्यूज बुलेटिन' से केवल शैक्षिक गतिविधियों से समाज को परिचत कराना भर ही हमारा उद्देश्य नहीं है, बल्कि संस्थान के अंदर हो रहे हर नवाचार एवं छात्राओं के उन संघर्षों को भी प्रकाश में लाना है, जो उनकी सफलता के लिए प्रेरक होते हैं। इन संकल्पों के साथ ही इस 'न्यूज बुलेटिन' की प्रासंगिकता आने वाले दिनों में हमारे संस्थान के लिए लाभदायक होंगे, इसी विश्वास के साथ इस प्रवेशांक को हम लोकार्पित करने जा रहे हैं। आशा है सभी का सहयोग हमें प्राप्त होगा।

(डॉ. शिवनारायण)

## महाविद्यालय के पदाधिकारी


**Dr. Sadhana Thakur**
Co-Ordinator, NAAC


**Dr. Shivnarayan Singh**
Co-Ordinator, IQAC


**Dr. Prem Kumari**
Nodel Officer


**Dr. B. Mourya**
Proctor



**Dr. Geeta Kumari**
Examination Controler


**Dr. Anjali Prasad**
Co-Ordinature, Sports


**Dr. Rita Singh**
NSS Incharge


**Dr. Yogendra Kumar**
Co-Ordinature, RTI

## हमारे प्रेरणास्रोत




## हमारे महाविद्यालय के संस्थापक द्वय



श्रीजगदीश नारायण जमैयार



श्रीमती कृष्णा जमैयार

## कॉलेज कुलगीत

जय अरविन्द महाविद्यालय
परम ज्ञान का आलय
ज्ञान पिपासित महिलाओं का
जय जय जय देवालय!

सभी निकायों–संकायों का
ज्ञान यहां मिला जाता
कृष्णा धर पर मुरली जैसे
जीवन राग सुनाता
कण–कण में जगदीश प्रतिष्ठित
ज्ञान विभा के आश्रय!

प्रकृति नियति–सा संचालित है
यहां सुगम अनुशासन
विषय पार पारंगत शिक्षक
पथ दिखलाते प्रति क्षण
दिग्–दिंगत तक गुंजित इसकी
गरिमा विरल निरामय!

भव्य भविष्यत आशा की नव
ज्योति सदा लहराती
फैले घन अज्ञान तिमिर को
विद्या दूर भगाती
सात्विक चेतन ज्ञान शिखर का
यह है स्वर्ग हिमालय!

रचयिता – **डॉ. शिवनारायण सिंह**



# इन्टर कॉलेज वीमेन्स खो-खो टूर्नामेन्ट 2021-22

## ए.एन. कॉलेज की टीम के हाथ लगा विजेता की ट्रॉफी, जबकि श्रीअरविन्द महिला कॉलेज की टीम रही रनर




श्रीअरविन्द महिला कॉलेज के आतिथ्य में बीते 22 दिसम्बर, 2021 को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का अन्तर महाविद्यालय महिला खो-खो टूर्नामेंट 2021-22 आरंभ हुआ, जिसमें अनेक कॉलेज की महिला खे-खो खिलाड़ियों ने अपनी-अपनी हिस्सेदारी से दर्शकों का मन मोह लिया।

श्रीअरविन्द महिला कॉलेज के मैदान में टूर्नामेंट का उद्घाटन करते हुए पटना हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि खो-खो ऐसा विलक्षण खेल है, जो सभी खिलाड़ियों को एक दूसरे के सहयोग पर निर्भरता सिखाता है, इसलिए इस खेल को खेल भावना से ही खेलना चाहिए। खो-खो ईश्वर का वरदान होता है, जो खिलाड़ियों में जन्मजात पनपता है। अपनी मेधा को विकसित करने के लिए जीवन में खेल भावना होना जरूरी है।

आरंभ में अतिथियों एवं खिलाड़ी दलों का स्वागत करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम ने कहा कि जीवन में खेल से ही तमाम तरह के रंग आते हैं। यह भारत का अनूठा स्वदेसी खेल है, जो जीवन में उमंग, जोश और अनुशासन भरता है। खो-खो में चार चीजों सेहत, कौशल, ऊर्जा और जोश की आवश्यकता होती है, जिससे खेल भावना में अनुशासन पैदा होता है।

विश्वविद्यालय खेल प्रभारी डॉ. शैलेन्द्र सिंह एवं बिहार खो-खो के अध्यक्ष सुदर्शन कुमार ने भी उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए खिलाड़ियों को उत्साहित किया। कॉलेज खेल प्रभारी डॉ. अंजली प्रसाद और डॉ. पुष्पा कुमार सहित प्रो. साधना ठाकुर, प्रो. शिवनारायण सिंह, डॉ. संजय अग्रवाल आदि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। एंकरिंग डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने की।

खिलाड़ियों के मार्च पास्ट और मशाल दौड़ के साथ ही खो-खो प्रतियोगिता का आगाज हुआ, जिसमें ए.एन कॉलेज, जे.डी. वीमेंस कॉलेज के साथ श्रीअरविन्द महिला कॉलेज की खो-खो खिलाड़ी रंग-विरंगे परधानों में उत्साह से लवरेज मैदान में खड़ी दिखी। लीग मैच के प्रथम राउण्ड में ए.एन. कॉलेज और श्रीअरविन्द महिला कॉलेज के बीच हुई स्पर्धा में दोनों ही टीम 9-9 प्वाइंट बनाकर बराबरी पर रही। दूसरे राउण्ड में ए.एन. कॉलेज के साथ जे.डी. वीमेंस कॉलेज की खिलाड़ी स्पर्धा में थी, जिसमें जे.डी. वीमेंस कॉलेज के 8 प्वाइंट के विरुद्ध ए.एन. कॉलेज की खो-खो खिलाड़ियों ने 9 प्वाइंट बनाकर जीत हासिल की। तीसरे राउण्ड में श्रीअरविन्द महिला कॉलेज की खिलाड़ियों से जे.डी. वीमेंस कॉलेज की खिलाड़ियों का सामना हुआ जिसमें जे.डी वीमेंस कॉलेज की 15 प्वाइंट के विरुद्ध श्रीअरविन्द महिला कॉलेज की खिलाडियों ने 21 प्वाइंट बनाकर जबरदस्त जीत हासिल की। फाइनल राउण्ड में ए.एन. कॉलेज और श्री अरविन्द महिला कॉलेज की टीम आमने-सामने थी, जिसमें ए.एन. कॉलेज की टीम ने श्रीअरविन्द महिला कॉलेज की टीम के 8 प्वाइंट के मुकाबले 10 प्वाइंट बनाकर अपने को ओवर ऑल विजेता टीम घोषित करवाने में सफल रही।

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय अन्तर महाविद्यालय महिला खो-खो टूर्नामेंट 2021-22 के प्रथम स्थान पर ए.एन. कॉलेज की टीम रही जबकि रनर पुरस्कार श्रीअरविन्द महिला कॉलेज की टीम को दूसरे स्थान रहने के कारण हासिल हुआ। तीसरे स्थान पर जे.डी वीमेंस कॉलेज की टीम रही। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

•



















### कॉलेज में 73वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से संपन्न

## 'भारत का गणतंत्र दुनिया का सर्वोत्तम व्यावहारिक गणतंत्र है'

– प्रो. पूनम





बीते 26 जनवरी, 2022 को कॉलेज में 73वां गणतंत्र दिवस सांसकृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। कॉलेज की प्राचार्या प्रो. पूनम ने झंडोत्तोलन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि भारतीय गणतंत्र विश्व का सर्वाधिक लचीला एवं व्यावहारिक गणतंत्र है, जिसने समता, न्याय और स्वतंत्रता के साथ-साथ धर्मनिरपेक्ष जीवन-मूल्यों का वैधानिक विस्तार किया। प्राचार्या ने अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के साथ कॉलेज के चतुर्दिक विकास करने का संकल्प लेते हुए छात्राओं के सशक्तिकरण का मंत्र उद्घोषित किया।



इस बार कॉलेज में शिक्षक-छात्राओं में काफी उत्साह देखा गया। संगीत विभाग की ओर से राष्ट्रीय भावना से प्रेरित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आरंभ में प्राचार्या ने एन.सी.सी. छात्राओं के कैडेट पैरेड की सलामी ली। बाद में एन.एस.एस. छात्राओं द्वारा कई चित्ताकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गई।



राष्ट्रगीत, देशभक्ति गीत आदि की प्रस्तुति में अनेक छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें मांडविका, लावण्याकृति, प्रिया सलोनी, ज्योति शिवांगी, सौम्या, मिनी आदि थीं। डॉ. नीरजा दास के निर्देशन में संगीत विभाग की छात्राओं ने भी अनेक मनभावन सांगीतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। पूरे कार्यक्रम का संचालन कॉलेज की कुलानुशासक डॉ.बी.मौर्या ने किया, जिसे डॉ. अर्चना त्रिपाठी ने सहयोग दिया।





इस अवसर पर कॉलेज के लगभग सभी शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी सहित छात्र-अभिभावक मौजूद थे। कोविड नियमावली का पालन करते हुए सारे कार्य संचालित किए गए। वरीय शिक्षकों में प्रो. साधना ठाकुर, डॉ. विमी सिंह, डॉ. पुष्पा राय, प्रो. योगेन्द्र, डॉ. अजय कुमार, डॉ. आर.सी.पी.सिंह, रोहित कुमार, भोला सिंह, डॉ. सबीना मुस्तफा, नवीन मिश्रा आदि उपस्थित थे।



# ACADEMIC & EXTRA CURRICULAR ACTIVITIES IN OUR COLLEGE

## (January-March 2022)















| Date | Title of Event | Organising Dept./Cell/Council |
|---|---|---|
| 12-Jan-22 | E-Quiz on Economics | Economics |
| 12-Jan-22 | E-Quiz on Swami Vivekanada's Life & Philosophy | Philosophy |
| 24-Jan-22 | Webinar on Netaji Subash Chandra Boses's Dream of India | Political Science |
| 28-Jan-22 | Essay Competition on the Role of Lala Lajpat Rai in Indian Freedom Movement | Political Science |
| 14-Feb-22 | Green Army | NSS |
| 21-Feb-22 | Speech Contest on the Relevance of Poetry | English |
| 23-Feb-22 | Poster Making on Covid-19 Awareness | Physics |
| 23-Feb-22 | Post Budget Analysis | Commerce |
| 24-Feb-22 | Recitation of Self Created Poetry | Hindi |
| 25-Feb-22 | Career Counseling for Cracking SSC | Economics |
| 26-Feb-22 | Career Seminar | Department of Political Science in Collaboration with Placement Cell & i-next |
| 26-Feb-22 | Career Seminar | Placement Cell in collaboration with Careers 21 |
| 28-Feb-22 | Educational Tour on Awareness on Swachh Bharat Abhiyan | Political Science |
| 28-Feb-22 | Science Exhibition Competition on National Science Day | Zoology |
| 3-Mar-22 | Science Exhibition & Poster Competition National Science Day | Botany |
| 7-Mar-22 | Celebration of International Womens' Day on Theme Gender Equality Today for Sustainable Tomorrow | Home Science |
| 8-Mar-22 | Webinar on International Women's Day | Political Science in collaboartion with Vishva Yuva Kendra, New Delhi & Prema Youth Foundation, Patna |
| 9-Mar-22 | Awareness Session on Sri Arbind's Vision on Nationalism, Internationalsim & Education | Philosophy & Political Science |
| 11-Mar-22 | Special Lecture on Relevance of Right Mindfulness in Mental Health & Well Being | Philosophy |



### विज्ञान दिवस पर कॉलेज में पोस्टर प्रदर्शनी प्रतियोगिता

## विज्ञान के प्रति जागरूकता से ही समाज आगे बढ़ेगा

– प्रो0 पूनम, प्राचार्या

विज्ञान दिवस के अवसर पर बीते 28 फरवरी, 2022 को कॉलेज में विज्ञान पोस्टर प्रदर्शिनी का आयोजन किया गया, जिसमें विज्ञान की विभिन्न पहलुओं जैसे प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, सोलर ऊर्जा, जेनेटिक्स आदि पर आधारित पोस्टर्स प्रदर्शित किए गए।



जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कॉलेज की प्राचार्या प्रो0 पूनम ने कहा कि समाज में विज्ञान के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से छात्राओं का यह प्रयास बहुत सराहनीय है। इन पोस्टरों के द्वारा छात्राओं के अंदर की विज्ञान संबंधी प्रतिभा का प्रस्फोट होता है।

कार्यक्रम प्रभारी एवं जंतु विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ0 प्रेम कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 28 समूह में लगभग 112 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ0 किरणलता, डॉ0 अजय कुमार सिंह एवं डॉ0 बलिराजी मौर्या ने टीम न0–15 को प्रथम स्थान दिया जिसमें श्रुति, ज्योति, तनु एवं संजना शर्मा ने मिलकर प्रोजेक्ट तैयार किया। दूसरे स्थान पर टीम नं0–14 रहा, जिसमें अनन्या, पुष्पलता, निशा एवं जेबा रिजवान थी। तीसरे स्थान पर टीम नं0–8 रहा, जिसमें अंजली, सरिता और इंदु थी। विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए असफल टीमों को कोशिश करते रहने की प्रेरणा दी गई।

पोस्टर प्रदर्शनी के आरंभ में प्राचार्या द्वारा विज्ञान भवन के परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन किया जंतुविज्ञान विभाग के डॉ0 राकेश कुमार सिंह ने। ●

## श्री अरविन्द के जीवन दर्शन पर जागरुकता सत्र का आयोजन

बीते 9 मार्च, 2022 को कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभाग और राजनीति विज्ञान विभाग एवं उड़ीसा की संस्था Eager to Forge Ahead India के संयुक्त तत्वावधान में एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया जिसका थीम था श्रीअरविंद के दृष्टि में राष्ट्रवाद, अंतरराष्ट्रवाद तथा शिक्षा। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन और श्री मां तथा श्री अरविंद के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। स्वागत उद्बोधन दर्शन शास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ गीता कुमारी द्वारा दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो डॉ पूनम ने श्री अरविंद के दर्शन को साझा करते हुए सभी को यह प्रेरणा दी कि देश को जीवंत सत्ता मानते हुए देश के विकास में सभी को योगदान देना चाहिए। Eager to Forge Ahead India के श्री राजेश साहू ने ध्यान का सत्र आयोजित किया तथा श्री अरविंद के सम्मान में एक गीत प्रस्तुत किया। इसी संस्था के श्री संदीप पोद्दार ने अपने उद्बोधन में श्री अरविंद के जीवन एवम दर्शन के बारे में विस्तार से बताया। श्री अरविंद के पांच स्वपन के बारे भी बताते हुए कहा कि देश की आजादी एक आध्यात्मिक देन थी। उनके अखंड भारत के संकल्पना के बारे बताया। उन्होंने विश्व के एकता के बारे में भी श्री अरविंद के विचारों पर भी प्रकाश डाला। भारत के विश्व गुरु बनकर पूरे दुनिया को रास्ता दिखाएए यह भी श्री अरविंद का स्वप्न था। इस सभी के लिए एक नए रास्ते का निर्माण करना होगा जिनमें आत्मा पर ज्यादा बल देना होगा। श्री अरविंद के जीवन दर्शन को अपने जीवन में भी उतारने की प्रेरणा दिए। इसी संस्था के स्वेतापद्म पति ने अपने उद्बोधन से श्री अरविंद के दर्शन को प्रैक्टिस में कैसे लाया जाएए इस पर विस्तार से चर्चा की। हमारे जीवन में शाश्वत खुशी आ जाए इसके लिए मनुष्य को अपने बारे में पूरे ज्ञान होना चाहिए। मनुष्य का लक्ष्य भगवत्ता को प्राप्त करना ही होना चाहिए। मनुष्य में दैवीय गुणों का पूर्ण विकास होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन दर्शन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक गोपाल कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजनीति विज्ञान विभाग के सह प्राध्यापक श्री राजीव शंकर सिन्हा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षिका डॉ विमी सिंह, डॉ साधना ठाकुर, डॉ सपना बरुआ, डॉ अनुमाला सिंह सहित करीब 250 छात्राएं उपस्थित रहीं।



●

## इंटर कॉलेज ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कॉलेज की दो छात्राओं को मिला गोल्ड मेडल

बीते 28.02.2022 को पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना का इंटर कॉलेज ताइक्वांडो टूर्नामेंट का आयोजन ए0 एन0 कॉलेज, पटना में संपन्न हुआ। टूर्नामेंट में श्रीअरविन्द महिला कॉलेज, पटना की छात्रा प्रियदर्शिनी कुमारी (Under 57 kg) एवं श्रुति रंजन (Under 67 kg) ने गोल्ड मेडल हासिल की एवं उनका चयन अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेल के लिए हुआ, जिसका आयोजन 28–31 मार्च 2022 तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) में होगा।●





